(19)

# अभ्यास : छह सामान्यगुण, चार अभाव का संक्षिप्त स्पष्टीकरण

**प्रश्न 1 – मैंने लड्डु खाया, इस वाक्य में अस्तित्वगुण को कब माना और कब नहीं माना ?**

**उत्तर** – (1) तराजू के एक पलड़े में निज चैतन्य अरूपी आत्मा, अपने अस्तित्वगुण से अस्तित्वरूप है। तराजू के दूसरे पलड़े में औदारिक आदि शरीर, मन, वाणी और लड्डु में जड़, रूपी एक प्रदेशी अनन्त पुद्गलद्रव्य, अपने-अपने अस्तित्वगुण से अस्तित्वरूप हैं। मुझ चैतन्य अरूपी आत्मा के एक अस्तित्व का, औदारिक आदि जड़ रूपी पुद्गलों के अस्तित्वों से, सर्वथा सम्बन्ध नहीं है – ऐसा जाने-माने तो अस्तित्वगुण को माना, और (2) निज चैतन्य अरूपी आत्मा के एक अस्तित्व को भूलकर, लड्डु आदि जड़, रूपी पुद्गलों के अनन्त अस्तित्वों में — मैंने लड्डु खाया, तो अस्तित्वगुण को नहीं माना।

**प्रश्न 2 – वस्तुत्वगुण को कब माना और कब नहीं माना ?**

**उत्तर** – (1) एक तरफ मुझ चैतन्य अरूपी आत्मा, वस्तुत्वगुण के कारण देखने-जाननेरूप अपनी प्रयोजनभूत क्रिया कर रहा है। दूसरी तरफ औदारिक आदि शरीर, मन, वाणी और लड्डु में जड़ रूपी एक प्रदेशी अनन्त पुद्गलद्रव्य अपने-अपने वस्तुत्वगुण के कारण, अपनी-अपनी प्रयोजनभूत क्रिया कर रहे हैं। एक का, दूसरे

की प्रयोजनभूत क्रिया से सर्वथा सम्बन्ध नहीं है - ऐसा जाने-माने तो वस्तुत्वगुण को माना, और (2) मुझ निज आत्मा की देखने -जाननेरूप प्रयोजनभूत क्रिया को भूलकर, लड्डु आदि पुद्गलों की प्रयोजनभूतक्रिया में — मैंने लड्डु खाया, तो वस्तुत्वगुण को नहीं माना।

**प्रश्न 3 - द्रव्यत्वगुण को कब माना और कब नहीं माना ?**

**उत्तर** - (1) एक तरफ मुझ चैतन्य अरूपी निज भगवान आत्मा, द्रव्यत्वगुण के कारण, देखने-जाननेरूप निरन्तर नया-नया कार्य कर रहा है। दूसरी तरफ औदारिक आदि शरीर, मन, वाणी और लड्डु में जड़ रूपी एक-एक प्रदेशी अनन्त पुद्गलद्रव्य, अपने-अपने द्रव्यत्वगुण के कारण, निरन्तर नया-नया परिणमन कर रहे हैं। एक दूसरे के निरन्तर नये-नये परिणमन से, एक दूसरे का सर्वथा सम्बन्ध नहीं है - ऐसा जाने-माने तो द्रव्यत्वगुण को माना, और (2) निज आत्मा के देखने-जाननेरूप निरन्तर नये-नये परिणमन को भूलकर, औदारिक आदि शरीर, मन, वाणी और लड्डु के निरन्तर नये-नये परिणमन में—मैंनें लड्डु खाया, तो द्रव्यत्वगुण को नहीं माना।

**प्रश्न 4 - प्रमेयत्वगुण को कब माना और कब नहीं माना ?**

**उत्तर** - (1) औदारिक आदि शरीर, मन, वाणी और लड्डु में जड़ रूपी एक प्रदेशी अनन्त पुद्गलद्रव्य, प्रमेयत्वगुण के कारण व्यवहार से ज्ञेय और मुझ निज आत्मा ज्ञायक; ज्ञानपर्याय ज्ञेय और मुझ निज आत्मा, ज्ञायक, परन्तु ऐसे भेद से भी कोई सिद्धि नहीं हैं; परमार्थ से मैं ज्ञायक, ज्ञायक - ऐसा जाने-माने तो प्रमेयत्वगुण को माना, और (2) निज आत्मा, ज्ञायक-ज्ञेयसम्बन्ध को भूलकर, मैंने लड्डु खाया तो प्रमेयत्वगुण को नहीं माना।

मन, वाणी और लड्डु के अनन्त पुद्गलद्रव्यों में, मैंने लड्डु खाया – ऐसा जाने–माने तो अत्यन्ताभाव को नहीं माना।

**प्रश्न 8 – अन्योन्याभाव को कब माना और कब नहीं माना ?**

**उत्तर** – (1) औदारिक आदि शरीर, मन, वाणी और लड्डु के स्कन्धों की वर्तमान पर्यायों का, एक दूसरे की परस्पर वर्तमान पर्यायों में आपस में जो अभाव है, वह अन्योन्याभाव है। जब एक जाति होते हुए, पुद्गल की वर्तमान पर्यायों में कोई सम्बन्ध नहीं है, तब मुझ निज आत्मा के साथ सम्बन्ध कैसे हो सकता है ? कभी भी नहीं हो सकता – ऐसा जाने–माने तो अन्योन्याभाव को माना, और (2) औदारिक आदि शरीर, मन, वाणी और लड्डु आदि के परस्पर वर्तमान पर्यायों में जो अन्योन्याभाव है, उसे न मानकर, मैंने लड्डु खाया –ऐसी मान्यतावाले ने अन्योन्याभाव को नहीं माना।

**प्रश्न 9 – प्रागभाव को कब माना और कब नहीं माना ?**

**उत्तर** – (1) लड्डु की वर्तमान पर्याय का, लड्डु की भूत काल की पर्याय से भी सम्बन्ध नहीं है तो मुझ आत्मा के साथ सम्बन्ध कैसे हो सकता है ? कभी भी नहीं हो सकता है – ऐसा जाने–माने तो प्रागभाव को माना, और (2) लड्डु की वर्तमान पर्याय, भूत काल की पर्याय के बिना कैसे हो सकती है ? कभी नहीं हो सकती है, तब मैंने लड्डु खाया – ऐसी मान्यतावाले ने प्रागभाव को नहीं माना।

**प्रश्न 10 – प्रध्वंसाभाव को कब माना और कब नहीं माना ?**

**उत्तर** – (1) लड्डु की वर्तमान पर्याय का, लड्डु की भविष्य की पर्याय से सम्बन्ध नहीं है तो मुझ चेतन के साथ सम्बन्ध कैसे हो

सकता है? कभी भी नहीं हो सकता है – ऐसी मान्यतावाले ने प्रध्वंसाभाव को माना, और (2) लड्डु की वर्तमान पर्याय का, लड्डु की भविष्य की पर्याय से भी सम्बन्ध है, तभी तो मैंने लड्डु खाया — इस मान्यतावाले ने प्रध्वंसाभाव को नहीं माना।

**प्रश्न 11 – मैंने लड्डु खाया – इस वाक्य में चारों अभावों के समझने से वीतरागता कैसी निकलती है? स्पष्टता से समझाइए।**

**उत्तर** – (1) लड्डु का मुझ चेतन आत्मा से अत्यन्ताभाव है। (2) लड्डु स्कन्ध और औदारिक आदि शरीर, मन-वाणी में अन्योन्याभाव है। (3) लड्डु की वर्तमान पर्याय का, भूत की पर्याय में प्रागभाव है। (4) लड्डु की वर्तमान पर्याय का, भविष्य की पर्याय में प्रध्वंसाभाव है। जैसे, लड्डु का खाना, उस समय पर्याय की योग्यता से ही हुआ है; उसी प्रकार विश्व में जितने भी कार्य है, वे सब उस समय पर्याय की योग्यता से हो चुके हैं, हो रहे हैं और भविष्य में होते रहेंगे – ऐसा जानते-मानते ही पर में कर्ता -भोक्ता की बुद्धि का अभाव होकर, वीतरागता की प्राप्ति हो जाती है, फिर क्रम से मोक्षरूपी लक्ष्मी का नाथ बन जाता है।

**प्रश्न 12 – मोक्षरूपी लक्ष्मी का नाथ किसके आश्रय से बनता है?**

**उत्तर** – एकमात्र निज चेतन भगवान के आश्रय से ही मोक्षरूपी लक्ष्मी का नाथ बनता है।

**जय महावीर – जय महावीर**

(20)

# संयुक्त प्रश्नोत्तर : विश्व; छह द्रव्य; छह सामान्यगुण; चार अभाव

**प्रश्न 1 – द्रव्य-गुण-पर्याय, किस अपेक्षा समान हैं और किस अपेक्षा समान नहीं हैं ?**

**उत्तर** – क्षेत्र से समान हैं और भाव से समान नहीं हैं।

**प्रश्न 2 – द्रव्य-गुण-पर्याय में काल अपेक्षा समान कौन है और कौन नहीं है ?**

**उत्तर** – काल अपेक्षा द्रव्य-गुण समान हैं और पर्याय, एक समय की होने से समान नहीं है।

**प्रश्न 3 – द्रव्य-गुण-पर्यायों में संख्या अपेक्षा समान कौन है ?**

**उत्तर** – गुण और पर्याय, संख्या में समान हैं।

**प्रश्न 4 – गुणों के समूह को द्रव्य कहते हैं, इसमें 'लक्षण' क्या और 'लक्ष्य' क्या है ?**

**उत्तर** – 'गुणों का समूह', लक्षण है और 'द्रव्य', लक्ष्य है।

**प्रश्न 5 – द्रव्य में निरन्तर पर्याय होने का क्या कारण है ?**

**उत्तर** – 'द्रव्य' में पर्याय होने का कारण, द्रव्यत्वगुण है।

**प्रश्न 6 – तुम आत्मा को कैसे जानते हो ?**

**उत्तर** – प्रमेयत्वगुण के कारण जानता हूँ।

**प्रश्न 7 – ज्ञान का लक्षण क्या है ?**

**उत्तर** – स्व-पर प्रकाशक, ज्ञान का लक्षण है।

**प्रश्न 8 – संख्या अपेक्षा कौन-कौन द्रव्य समान हैं ?**

**उत्तर** – धर्म, अधर्म; आकाश, तीनों एक-एक हैं।

**प्रश्न 9 – क्षेत्र अपेक्षा कौन-कौन द्रव्य समान हैं ?**

**उत्तर** – धर्म, अधर्म, और जीव, क्षेत्र अपेक्षा असंख्यात प्रदेशी होने से समान हैं। (2) कालाणु और परमाणु, क्षेत्र अपेक्षा एक प्रदेशी होने से समान हैं।

**प्रश्न 10 – निश्चय से अस्तिकाय कौन-कौन हैं ?**

**उत्तर** – जीव, धर्म, अधर्म और आकाश, निश्चय से अस्तिकाय हैं।

**प्रश्न 11 – व्यवहार से अस्तिकाय कौन हैं ?**

**उत्तर** – पुद्गलस्कन्ध व्यवहार से अस्तिकाय हैं।

**प्रश्न 12 – लोकाकाश, अलोकाकाश, ये आकाश के भेद निश्चय से हैं या व्यवहार से हैं ?**

**उत्तर** – व्यवहार से हैं।

**प्रश्न 13 – जो तुमने आज तक पाठ पढ़े, उनमें ऐसे गुणों का नाम बताओ, जो जीव-पुद्गलों में हों, बाकी द्रव्यों में नहीं हों ?**

**उत्तर** – क्रियावतीशक्ति और वैभाविकशक्ति।

**प्रश्न 14 – ज्ञानी को राग में कैसी बुद्धि होती है ?**

**उत्तर** – हेयबुद्धि होती है।

**प्रश्न 15 – अज्ञानी को शुभभावों में कैसी बुद्धि होती है ?**

**उत्तर** – उपादेयबुद्धि होती है।

**प्रश्न 16 - ज्ञानी, राग को क्या जानता है ?**

**उत्तर** - ज्ञानी, राग को तपेदिक की बीमारी जानता है।

**प्रश्न 17 - क्रियावतीशक्ति को जानने का क्या लाभ है ?**

**उत्तर** - (1) घर में से रुपया, सोना-चाँदी डाकू ले गये, तो ज्ञानी जानता है कि वह अपनी क्रियावतीशक्ति के कारण गया; डाकुओं के कारण नहीं, (2) मुझ आत्मा का रुकना और गमन, शरीर के कारण या धर्म-अधर्मद्रव्य के कारण नहीं होता है; मात्र क्रियावतीशक्ति के कारण होता है - ऐसा जानने से आकुलता मिट जाती है।

**प्रश्न 18 - क्या जीव, शरीर को आगे-पीछे करता है ?**

**उत्तर** - बिल्कुल नहीं, क्रियावतीशक्ति के कारण होता है।

**प्रश्न 19 - जीव क्यों नहीं बोलता है ?**

**उत्तर** - जीव और शब्द में अत्यन्ताभाव है।

**प्रश्न 20 - मुँह से तो शब्द निकालता है न ?**

**उत्तर** - बिल्कुल नहीं, क्योंकि शब्द और मुँह में अन्योन्याभाव है।

**प्रश्न 21 - क्या देव, अपने शरीर को छोटा बड़ा कर सकता है ?**

**उत्तर** - बिल्कुल नहीं, क्योंकि देव की आत्मा और शरीर में अत्यन्ताभाव है।

**प्रश्न 22 - जीव के दो भेद कौन-कौन से हैं ?**

**उत्तर** - संसारी, और सिद्ध।

**प्रश्न 23 - संसारी के दो भेद कौन-कौन से हैं ?**

**उत्तर** - छद्मस्थ, और सर्वज्ञ।

**प्रश्न 24 - छद्मस्थ के दो भेद कौन-कौन से हैं?**

**उत्तर** - साधक, और बाधक।

**प्रश्न 25 - बाधक के दो भेद कौन-कौन से हैं?**

**उत्तर** - भव्य, और अभव्य।

**प्रश्न 26 - भव्य के दो भेद कौन-कौन से हैं?**

**उत्तर** - मोक्ष प्राप्त करनेवाला और मोक्ष प्राप्त न करनेवाला।

**प्रश्न 27 - परमाणु की दो जातियों के क्या नाम हैं?**

**उत्तर** - (1) कारणपरमाणु, (2) कार्यपरमाणु

**प्रश्न 28 - कारणपरमाणु किसे कहते हैं?**

**उत्तर** - स्कन्धों से जुड़ने की शक्तिवाले परमाणु को कारणपरमाणु कहते हैं।

**प्रश्न 29 - कार्यपरमाणु किसे कहते हैं?**

**उत्तर** - स्कन्धों में पृथक् होनेवाले परमाणु को कार्यपरमाणु कहते हैं।

**प्रश्न 30 - शरीर और जीव में तथा शरीर और वस्त्र में कौन -सा अभाव है?**

**उत्तर** - शरीर और जीव में अत्यन्ताभाव है तथा शरीर और वस्त्र में अन्योन्याभाव है।

**प्रश्न 31 - जीव और चैतन्य में कौनसा अभाव है?**

**उत्तर** - कोई भी अभाव नहीं है।

**प्रश्न 32 - क्या पवन, ध्वजा को हिलाता है?**

**उत्तर** - बिल्कुल नहीं, क्योंकि पवन और ध्वजा में अन्योन्याभाव है।

**प्रश्न 33 – ध्वजा किससे हिलती है ?**

**उत्तर** – अपनी क्रियावतीशक्ति से हिलती है; पवन से नहीं।

**प्रश्न 34 – सादि-अनन्त एक क्षेत्र में रहनेवाले कौन हैं ?**

**उत्तर** – सिद्धभगवान हैं।

**प्रश्न 35 – पर्याय की अपेक्षा से द्रव्य को क्या कहते हैं ?**

**उत्तर** – पर्यायी या पर्यायवान कहते हैं।

**प्रश्न 36 – चैतन्यगुण, सामान्य है या विशेष ?**

**उत्तर** – छह द्रव्यों में से मात्र जीवद्रव्य में हैं, अन्य दूसरे द्रव्यों में नहीं, इस अपेक्षा विशेष है; और सब जीवद्रव्यों में है, इस अपेक्षा से सामान्य है।

**प्रश्न 37 – ज्ञानगुण और सुखगुण की संख्या बताओ ?**

**उत्तर** – जितने जीवद्रव्य है, उतने ही ज्ञानगुण और सुखगुण हैं।

**प्रश्न 38 – अपने को कूटस्थ माननेवाला किस गुण का मर्म नहीं जानता है ?**

**उत्तर** – द्रव्यत्वगुण का मर्म नहीं जानता है।

**प्रश्न 39 – अपने को पर और शरीरादि का करनेवाला माने तो क्या भूलता है ?**

**उत्तर** – अगुरुलघुत्वगुण और अत्यन्ताभाव को भूलता है।

**प्रश्न 40 – ज्ञानावरणीयकर्म ने ज्ञान को दबाया – क्या यह ठीक है ?**

**उत्तर** – गलत है क्योंकि दोनों में अत्यन्ताभाव है।

**प्रश्न 41 – क्रियावतीशक्ति के गमन और स्थिति के निमित्त में क्या अन्तर है ?**

**उत्तर** – गति में निमित्त, धर्मद्रव्य है और स्थिति में निमित्त, अधर्मद्रव्य है।

**प्रश्न 42 – सिद्धभगवान को किसका निमित्त छूट गया और किसका सादि-अनन्त निमित्त हो गया ?**

**उत्तर** – धर्मद्रव्य का निमित्त छूट गया और सादि-अनन्त अधर्म-द्रव्य का निमित्त हो गया।

**प्रश्न 43 – आठ भेदवाला कौनसा शरीर है ?**

**उत्तर** – कार्माणशरीर है।

**प्रश्न 44 – पाँचों शरीर का कर्ता कौन है और कौन नहीं है ?**

**उत्तर** – पाँचों शरीर का कर्ता, पुद्गलद्रव्य है; जीव नहीं है।

**प्रश्न 45 – अविनाभावसम्बन्ध किसे कहते हैं, उनके कुछ उदाहरण दो ?**

**उत्तर** – (1) एक पदार्थ के साथ, दूसरे का होना, अविनाभाव-सम्बन्ध है। जैसे :— (1) जहाँ कार्माणशरीर होता है, वहाँ तैजस-शरीर होता ही है। (2) जहाँ मतिज्ञान होता है, वहाँ श्रुतज्ञान होता ही है। (3) जहाँ रङ्ग होता है, वहाँ स्पर्श-रस-गन्ध होता ही है। (4) जहाँ-जहाँ ज्ञान होता है, वहाँ-वहाँ सुख होता ही है।

**प्रश्न 46 – तुम किस अपेक्षा से एक हो ?**

**उत्तर** – मैं अपने जीवद्रव्य की अपेक्षा से एक हूँ।

**प्रश्न 47 – तुम किस अपेक्षा से असंख्य हो ?**

**उत्तर** – मैं अपने प्रदेशों की अपेक्षा से असंख्य हूँ।

**प्रश्न 48 – तुम किस अपेक्षा अनन्त हो ?**

**उत्तर** – मैं अपने गुणों की अपेक्षा से अनन्त हूँ।

**प्रश्न 49 – सम्यग्दर्शन और चक्षुदर्शन में क्या भेद है?**

**उत्तर** – दोनों पृथक्-पृथक् गुण की पर्यायें हैं; इसलिए गुणभेद है।

**प्रश्न 50 – सम्यग्दर्शन और चक्षुदर्शन दोनों किसे होते हैं?**

**उत्तर** – साधक जीव को होते हैं।

**प्रश्न 51 – चक्षुदर्शन हो और सम्यग्दर्शन न हो – क्या ऐसा होता है?**

**उत्तर** – मिथ्यादृष्टि की चक्षुदर्शन होता है, सम्यग्दर्शन नहीं होता है। चक्षुदर्शन, तीन इन्द्रियवाले जीवों को भी नहीं होता है।

**प्रश्न 52 – सम्यग्दर्शन हो और चक्षुदर्शन न हो – क्या ऐसा हो सकता है?**

**उत्तर** – हाँ, हो सकता है; देव (अहरन्त-सिद्ध) को सम्यग्दर्शन होता है और चक्षुदर्शन नहीं होता, क्योंकि उनको केवलदर्शन होता है।

**प्रश्न 53 – ज्ञान और मतिज्ञान में क्या अन्तर है?**

**उत्तर** – ज्ञान, गुण है और मतिज्ञान, ज्ञानगुण की पर्याय है।

**प्रश्न 54 – क्या तुम यहाँ रेल से आये हो?**

**उत्तर** – मैं अपनी क्रियावतीशक्ति से आया हूँ; रेल, शरीर और धर्मद्रव्य के कारण नहीं आया हूँ।

**प्रश्न 55 – स्कन्ध होने का सच्चा कारण क्या है?**

**उत्तर** – उस समय पर्याय की योग्यता। परमाणु की स्निग्ध -रूक्ष अवस्था, स्कन्ध बनने में कारण (निमित्त) है।

**प्रश्न 56 – मैंने कुएँ से पानी खींचा – क्या यह सत्य है?**

**उत्तर** – बिल्कुल गलत है, पानी अपनी क्रियावतीशक्ति से ऊपर आया है।

**प्रश्न 57 – आहारवर्गणा, तैजसवर्गणा, भाषावर्गणा, मनोवर्गणा और कार्माणवर्गणा के क्रम का क्या कारण है?**

**उत्तर** - (1) जीव को प्रथम अपने संयोगरूप शरीर का ज्ञान होता है; अत: प्रथम आहारवर्गणा रखी है। (2) पश्चात् शरीर के तेज का पता चलता है; अत: दूसरे नम्बर पर तैजसवर्गणा रखी है। (3) फिर दो, तीन इन्द्रियों के भाषा प्रगट होती है; अत: तीसरे नम्बर पर भाषावर्गणा रखी है। (4) मन मात्र संज्ञी जीवों के ही होता है; अत: चौथे नम्बर पर मनोवर्गणा रखी है। (5) कार्माणशरीर को सूक्ष्मपने के कारण, पाँचवें नम्बर पर कार्माणवर्गणा को रखा है।

**प्रश्न 58 - धारणा के प्रध्वन्साभाव में क्या आवेगा?**

**उत्तर** - श्रुतज्ञान आवेगा।

**प्रश्न 59 - जीव और पुद्गल में परस्पर मिलान करो?**

**उत्तर** - (1) संख्या में जीव, अनन्त और पुद्गल, जीव से अनन्त गुणा अधिक हैं। (2) क्षेत्र में जीव, असंख्यातप्रदेशी और पुद्गल, एकप्रदेशी है। (3) जीव, अमूर्त है और पुद्गल, मूर्त है। (4) जीव, चेतन है और पुद्गल, जड़ है। (5) जीव की क्रियावतीशक्ति तथा वैभाविकशक्ति, चेतन है और पुद्गल की क्रियावतीशक्ति तथा वैभाविकशक्ति, अचेतन है।

**प्रश्न 60 - ध्रौव्य रहता हुआ, निरन्तर बदलता है -कौन-सा गुण ख्याल में आता है?**

**उत्तर** - अस्तित्व, द्रव्यत्वगुण ख्याल में आता है।

**प्रश्न 61 - सीमन्धरभगवान की मुद्रा अति भव्य है - कौन से गुण का पता चलता है?**

**उत्तर** - प्रदेशत्वगुण का पता चलता है।

**प्रश्न 62 - सिद्धभगवान को कितने अभाव लग सकते हैं?**

**उत्तर** - अन्योन्याभाव को छोड़कर तीनों लग सकते हैं।

**प्रश्न 71 – भगवान के जिनबिम्ब के दर्शन करने से सम्यग्दर्शनादि प्रगट होते हैं – क्या यह बात ठीक है ?**

**उत्तर** – यह व्यवहारकथन है; व्यवहारकथन को सच्चा माननेवाले ने अगुरुलघुत्वगुण और अत्यन्ताभाव को नहीं माना।

**प्रश्न 72 – द्रव्यत्वगुण के कारण, ज्ञान में क्या होता है ?**

**उत्तर** – ज्ञानगुण में निरन्तर समय-समय पर नया-नया परिणमन होता है; उसमें द्रव्यत्वगुण निमित्त है।

**प्रश्न 73 – अगुरुलघुत्वगुण के कारण, ज्ञान में क्या होता है ?**

**उत्तर** – ज्ञानगुण, वर्णादि पुद्गलों के गुणों में नहीं जाता और ज्ञान-गुण, श्रद्धा, चारित्र आदि दूसरे गुणोंरूप नहीं होता है।

**प्रश्न 74 – अनन्त गुणों का द्रव्य के साथ कैसा सम्बन्ध है ?**

**उत्तर** – नित्यतादात्म्यसम्बन्ध है।

**प्रश्न 75 – शुभाशुभविकारीभावों का और गुणभेद का, आत्मा के साथ कैसा सम्बन्ध है ?**

**उत्तर** – अनित्यतादात्म्यसम्बन्ध है।

**प्रश्न 76 – जाति अपेक्षा छह द्रव्य किस-किस अपेक्षा समान नहीं हैं ?**

**उत्तर** – (1) विशेषगुणों की अपेक्षा; (2) क्षेत्र की अपेक्षा; (3) संख्या की अपेक्षा, समान नहीं हैं।

**प्रश्न 77 – विश्व के किन द्रव्यों में संकोच-विस्तार होता है ?**

**उत्तर** – मात्र जीवद्रव्य में ही संकोच-विस्तार होता है।

**प्रश्न 78 – मैं पलंग पर सो गया — मुझमें और सोने में कौन-सा अभाव है तथा पलंग और सोने में कौन-सा अभाव है ?**

**उत्तर** – मुझमें, सोने में अत्यन्ताभाव है, और पलंग और सोने में अन्योन्याभाव है।

**प्रश्न 79 – अनादि–अनन्त स्थिर एक क्षेत्र में रहनेवाले कौन –कौन से द्रव्य हैं ?**

**उत्तर** – धर्म, अधर्म, आकाश, और कालद्रव्य हैं।

**प्रश्न 80 – छह द्रव्यों के समूह को विश्व कहते हैं – इन सबका एक क्षेत्र में रहते हुए कौन–सा अभाव है ?**

**उत्तर** – अत्यन्ताभाव है।

**प्रश्न 81 – चक्षुदर्शन का द्रव्य–गुण–पर्याय क्या है ?**

**उत्तर** – चक्षुदर्शन स्वयं अर्थपर्याय है; आत्मा, द्रव्य है और दर्शन, गुण है।

**प्रश्न 82 – क्या एक द्रव्य के अस्तित्वगुण और वस्तुत्वगुण का द्रव्य–क्षेत्र–काल–भाव एक ही है ?**

**उत्तर** – द्रव्य–क्षेत्र–काल एक ही है परन्तु दोनों के भाव में अन्तर है।

**प्रश्न 83 – कूड़े को बाहर फैंक दिया – वह निकम्मा है, किस गुण को नहीं माना ?**

**उत्तर** – वस्तुत्वगुण के कारण, कूड़ा भी अपनी प्रयोजनभूत क्रिया कर ही रहा है; निकम्मा नहीं है।

**प्रश्न 84 – मैं चुपचाप ऐसा कार्य करूँ, किसी को पता न चले – ऐसी मान्यतावाले ने कौन से सामान्यगुण को नहीं माना ?**

**उत्तर** – प्रमेत्यत्वगुण को नहीं माना।

**प्रश्न 85 – अगुरुलघुत्वगुण के कारण, एक गुण, दूसरे गुणरूप नहीं होता हैं – यह एक द्रव्य के गुणों की बात है या पृथक्–पृथक् द्रव्यों के गुणों की बात है ?**

**उत्तर** – एक ही द्रव्य के गुणों की बात है।

**प्रश्न 86 – मोक्ष होने पर ' तेज में तेज मिल जाता है' इस प्रकार सब जीव एक हो जाते हैं – ऐसी मान्यतावाले ने कौन से सामान्यगुण और किस अभाव को नहीं माना ?**

**उत्तर** – सामान्यगुणों में अगुरुलघुत्वगुण को और अभावों में से अत्यन्ताभाव को नहीं माना।

**प्रश्न 87- ज्ञेय-ज्ञायकसम्बन्ध किस सामान्यगुण को बताता है ?**

**उत्तर** – प्रमेयत्वगुण को बताता है।

**प्रश्न 88 – कौनसा द्रव्य अक्रिय है ?**

**उत्तर** – कोई भी द्रव्य, अक्रिय नहीं है, क्योंकि प्रत्येक द्रव्य में वस्तुत्वगुण के कारण अर्थक्रियाकारित्व होता ही रहता है।

**प्रश्न 89 – क्या एक रुपये का एक ही आकार है ?**

**उत्तर** – एक आकार नहीं है; एक रुपए में जितने परमाणु हैं, उतने ही आकार एक रुपए में हैं।

**प्रश्न 90 – गेहूँ का आटा, चक्की से हुआ है या बाई से ?**

**उत्तर** – दोनों में से किसी से भी नहीं हुआ, क्योंकि बाई और आटा का अत्यन्ताभाव है तथा गेहूँ और चक्की में अन्योन्याभाव है। द्रव्यत्वगुण के कारण, पर्याय बदल गयी।

**प्रश्न 91 – कालद्रव्य की क्या पहिचान है ?**

**उत्तर** – परिणमनहेतुत्व इत्यादि।

**प्रश्न 92 – आम, हरा था, पीला हो गया, तो द्रव्य-गुण-पर्याय में से क्या बदला ?**

**उत्तर** – मात्र वर्णगुण की पर्याय बदली।

**प्रश्न 93 – विश्व में किस-किस द्रव्य के टुकड़े हो सकते हैं ?**

**उत्तर** – विश्व में किसी भी द्रव्य के टुकड़े नहीं हो सकते हैं।

**प्रश्न 94 – एक क्षेत्र में एक जाति के दो द्रव्य कभी न आवें, – ऐसे द्रव्य का क्या नाम है ?**

**उत्तर** – कालद्रव्य है।

**प्रश्न 95 – अपना ही विशेषगुण अपने को निमित्त न बने, – ऐसे द्रव्य कौन-कौन से हैं ?**

**उत्तर** – धर्म और अधर्मद्रव्य हैं।

**प्रश्न 96 – घड़ी की सुई कौन घूमाता है ?**

**उत्तर** – अपनी क्रियावतीशक्ति के कारण घूमती है।

**प्रश्न 97 – घड़ी की सुई निश्चयकाल है या व्यवहारकाल है ?**

**उत्तर** – दोनों नहीं है, क्योंकि घड़ी की सुई तो पुद्गलों का पिण्ड है।

**प्रश्न 98 – दुःखी करने का भाव और सुखी करने का भाव, क्या है और क्या नहीं है ?**

**उत्तर** – दु:खी-सुखी करने का भाव, चारित्रगुण की विभावअर्थ-पर्याय है; स्वभावअर्थपर्याय नहीं है।

**प्रश्न 99 – प्रकाश हुआ – इसमें उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य लगाओ ?**

**उत्तर** – अन्धकार का अभाव, प्रकाश का उत्पाद और वर्णगुण, कायम।

**प्रश्न 100 – भगवान् ने सिद्धपद पाया – इसमें उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य लगाओ ?**

**उत्तर** – भाषावर्गणा का परिणमन है।

**प्रश्न 108 – परिणमनहेतुत्व क्या है?**

**उत्तर** – कालद्रव्य का विशेषगुण है।

**प्रश्न 109 – अवगाहनहेतुत्व क्या है?**

**उत्तर** – आकाशद्रव्य का विशेषगुण है।

**प्रश्न 110 – केवलज्ञान क्या है?**

**उत्तर** – जीवद्रव्य के ज्ञानगुण की स्वभावअर्थपर्याय है।

**प्रश्न 111 – रुपया क्या है?**

**उत्तर** – स्कन्ध के प्रदेशत्वगुण की विभावव्यंजनपर्याय हैं।

**प्रश्न 112 – शुभभाव क्या है?**

**उत्तर** – जीवद्रव्य के चारित्रगुण की विभावअर्थपर्याय है।

**प्रश्न 113 – गन्ध क्या है?**

**उत्तर** – पुद्गलद्रव्य का विशेषगुण है।

**प्रश्न 114 – श्रद्धा क्या है?**

**उत्तर** – जीवद्रव्य का विशेषगुण हैं।

**प्रश्न 115 – सामान्यगुण पहले या विशेषगुण पहले?**

**उत्तर** – दोनों साथ-साथ हैं; आगे-पीछे नहीं है, अर्थात् अनादि-अनन्त हैं।

**प्रश्न 116 – क्या अस्तित्वगुण जाननेयोग्य हैं?**

**उत्तर** – हाँ, प्रमेयत्वगुण के कारण, अस्तित्वगुण जाननेयोग्य है।

**प्रश्न 117 – प्रयोजनभूत कार्य किसमें होता है, किसमें नहीं होता है?**

**उत्तर** - प्रयोजनभूत कार्य, पर्याय में ही होता है; द्रव्य-गुण में नहीं होता है।

**प्रश्न 118 - अगुरुलघुत्वगुण क्या बताता है ?**

**उत्तर** - प्रत्येक द्रव्य, जैसा का तैसा रहे; छोटा-बड़ा न होवे — यह अगुरुलघुत्वगुण बताता है।

**प्रश्न 119 - विश्व के तीन भेद कौन-कौन से हो सकते हैं ?**

**उत्तर** - (1) द्रव्य-गुण-पर्याय; (2) उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य।

**प्रश्न 120 - गतिहेतुत्व और स्थितिहेतुत्व में कौनसा अभाव है ?**

**उत्तर** - अत्यन्ताभाव है।

**प्रश्न 121 - सूत में प्रागभाव और प्रध्वन्साभाव बताओ ?**

**उत्तर** - सूत का, पूणी में अभाव, प्रागभाव है और सूत का, कपड़े में अभाव, प्रध्वन्साभाव है।

**प्रश्न 122 - एक सिद्ध को दूसरे सिद्ध की अपेक्षा है - कोई ऐसा माने तो उसने कौन से सामान्यगुण को नहीं माना ?**

**उत्तर** - अगुरुलघुत्वगुण को नहीं माना।

**प्रश्न 123 - मैं अपने में बसता हूँ - कौन से सामान्यगुण को माना ?**

**उत्तर** - वस्तुत्वगुण को माना।

**प्रश्न 124 - सम्यग्दर्शन होते ही तुरन्त वीतरागता होनी चाहिए — ऐसी मान्यतावाला किस सामान्यगुण का मर्म नहीं जानता ?**

**उत्तर** - अगुरुलघुत्वगुण का मर्म नहीं जानता है।

**प्रश्न 125 – प्रागभाव और प्रध्वंसाभाव को न माने तो कौनसा सामान्यगुण उड़ जाता हैं ?**

**उत्तर** – द्रव्यत्वगुण उड़ जाता है।

**प्रश्न 126 – अत्यन्ताभाव को न माने तो कौनसा सामान्यगुण उड़ जाता हैं ?**

**उत्तर** – अगुरुलघुत्वगुण उड़ जाता है।

**प्रश्न 127 – चारों अभाव, रूपी हैं या अरूपी हैं ?**

**उत्तर** – पुद्गलद्रव्य के रूपी हैं और बाकी पाँच द्रव्यों के अरूपी हैं।

**प्रश्न 128 – जीव क्या है और जीव का लक्षण क्या है ?**

**उत्तर** – जीव, द्रव्य है और चैतन्य, जीव का लक्षण है।

**प्रश्न 129 – शरीर क्या है और शरीर किसकी पर्याय है ?**

**उत्तर** – शरीर, पर्याय है और अनन्त पुद्गलों की विभावव्यंजन-पर्याय तथा विभावअर्थपर्यायोंरूप स्कन्ध है।

**प्रश्न 130 – बुखार किस द्रव्य-गुण की अवस्था है ?**

**उत्तर** – बुखार, पुद्गलद्रव्य के स्पर्शगुण की विभावअर्थपर्याय है।

**प्रश्न 131 – सिद्धदशा क्या है ?**

**उत्तर** – सिद्धदशा, आत्मा के सम्पूर्ण गुणों की स्वभावअर्थ-पर्याय और प्रदेशत्वगुण की स्वभावव्यंजनपर्याय है।

**प्रश्न 132 – दया क्या है ?**

**उत्तर** – जीवद्रव्य के चारित्रगुण की विभावअर्थपर्याय है।

**प्रश्न 133 – धर्म क्या है ?**

**उत्तर** – (1) धर्म नाम का एक द्रव्य है। (2) सम्यग्दर्शनादि

शुद्धभावों को भी धर्म कहते हैं। (3) वस्तु के स्वभाव को भी धर्म कहते हैं।

**प्रश्न 134 – स्पर्श क्या है?**

**उत्तर** – पुद्गलद्रव्य का विशेषगुण है।

**प्रश्न 135 – स्थितिहेतुत्व और गतिहेतुत्व क्या है?**

**उत्तर** – स्थितिहेतुत्व, अधर्मद्रव्य का और गतिहेतुत्व, धर्मद्रव्य का विशेषगुण है।

**प्रश्न 136 – पुण्य-पाप का भाव क्या है?**

**उत्तर** – जीवद्रव्य के चारित्रगुण की विभावअर्थपर्याय है।

**प्रश्न 137 – लौकिक सुख-दुःख क्या है?**

**उत्तर** – लौकिक सुख-दुःख जीवद्रव्य के सुखगुण की विभाव-अर्थपर्याय है।

**प्रश्न 138 – क्रियावतीशक्ति क्या है?**

**उत्तर** – जीव और पुद्गलद्रव्य का विशेषगुण है।

**प्रश्न 139 – उपवास क्या है?**

**उत्तर** – (1) उपवास का भाव, जीवद्रव्य के चारित्रगुण की विभावअर्थपर्याय है। (2) उप=समीप, वास=रहना, अर्थात् आत्मा के समीप में रहना, वह सच्चा उपवास है, यह जीवद्रव्य के चारित्रगुण की स्वभावअर्थपर्याय है।

**प्रश्न 140 – भक्ति-पूजा का भाव क्या है?**

**उत्तर** – जीवद्रव्य के चारित्रगुण की विभावअर्थपर्याय है।

**प्रश्न 141 – नाचना क्या है?**

**उत्तर** – असमानजातीयद्रव्यपर्याय है।

**प्रश्न 142 – पूजा की सामग्री क्या है?**

**उत्तर** – आहारवर्गणा की स्कन्धरूप पर्यायें हैं।

**प्रश्न 143 – दान क्या है?**

**उत्तर** – (1) रुपया-पैसा आदि देना, पुद्गलद्रव्य की विभाव-अर्थपर्यायें और विभावव्यंजनपर्यायें हैं और पैसों का क्षेत्र से क्षेत्रान्तर होना, पुद्गलों की क्रियावतीशक्ति की अर्थपर्याय है। (2) दान का भाव, चारित्रगुण की विभावअर्थपर्याय है। (3) सच्चा दान, वीर्यगुण की स्वभावअर्थपर्याय है।

**प्रश्न 144 – कर्म शब्द किस-किस अर्थ में प्रयुक्त होता है?**

**उत्तर** – कर्म शब्द पाँच अर्थों में प्रयुक्त होता है। (1) द्रव्यकर्म (2) नो कर्म (3) भावकर्म (4) कर्मकारक (5) कर्म, अर्थात् कार्य।

**प्रश्न 145 – भावकर्म क्या है?**

**उत्तर** – जीवद्रव्य के चारित्रगुण की विभावअर्थपर्याय है।

**प्रश्न 146 – ज्ञान का अर्थ क्या है?**

**उत्तर** – (1) ज्ञान, अर्थात् आत्मा (2) ज्ञान, अर्थात् आत्मा का ज्ञानगुण (3) ज्ञानी के ज्ञान को सम्यग्ज्ञान कहते हैं और अज्ञानी के ज्ञान को मिथ्याज्ञान कहते हैं।

**प्रश्न 147 – केवलदर्शन क्या है?**

**उत्तर** – केवलदर्शन, जीवद्रव्य के दर्शनगुण की स्वभावअर्थ-पर्याय है।

**प्रश्न 148 – मोक्ष किसे कहते हैं?**

**उत्तर** – आत्मा की सम्पूर्ण शुद्धि को मोक्ष कहते हैं।

**प्रश्न 149 – संसार क्या है?**

**उत्तर** – परद्रव्यों में अपनेपने का भाव, यह 'मैं' इसका नाम संसार है।

सम्बन्ध है; एक दूसरे के कारण नहीं है।

**प्रश्न 24 – कैसी बुद्धि छोड़नी है ?**

**उत्तर** – जीव के कषायभावों से अनुभाग–स्थिति का बन्ध हुआ और जीव के योगगुण के कम्पन से प्रकृति–प्रदेशबन्ध हुआ – यह अनादि काल की खोटी मान्यता छोड़नी है और दोनें स्वतन्त्र अपने –अपने कारण से हैं, यह जानकर, अपने अबन्धस्वभावी भगवान आत्मा का आश्रय लेना, पात्र जीव का कर्तव्य है।

**प्रश्न 25 – अनुभाग और स्थितिबन्ध क्या बताता है ?**

**उत्तर** – जीव ने कषायभाव किया – यह बताता है; कराता नहीं है।

**प्रश्न 26 – प्रकृति और प्रदेशबन्ध क्या बताता है ?**

**उत्तर** – योगगुण में कम्पन है, यह बताता है; कराता नहीं है।

**प्रश्न 27 – द्रव्यकर्म और नोकर्म क्या बताता है ?**

**उत्तर** – जीव में मूर्खता बताता है, कराता नहीं है। जैसे–हमारी गर्दन टेढ़ी हो, तो दर्पण यह बताता है कि गर्दन टेढ़ी है, परन्तु दर्पण, गर्दन को टेढ़ी कराता नहीं है; उसी प्रकार द्रव्यकर्म, नोकर्म यह बताता है कि अभी सिद्धदशा नहीं है, संसारदशा है परन्तु द्रव्यकर्म –नोकर्म, संसारदशा कराता नहीं है।

**प्रश्न 28 – पुद्गल का निश्चयबन्ध क्या है ?**

**उत्तर** – एक परमाणु में विशिष्ट प्रकार की पर्याय होती है, वह पुद्गल का निश्चयबन्ध है।

**प्रश्न 29 – पुद्गल परमाणु का निश्चबन्ध स्पष्ट समझाईये ?**

**उत्तर** – पुद्गल के स्पर्शगुण की स्निग्ध या रुक्ष पर्याय में दो

**प्रश्न 66 – क्या स्कन्ध स्वतन्त्र द्रव्य नहीं है ?**

**उत्तर** – नहीं है; परमाणु ही स्वतन्त्र द्रव्य है।

(1) श्री नियमसार, गाथा 20 में लिखा है कि 'परमाणु, वह स्वभावपुद्गल है और स्कन्ध, वह विभावपुद्गल है।' (2) गाथा 21 से 24 तक में लिखा है कि यह विभावपुद्गल के स्वरूप कथन है। (3) गाथा 29 की टीका में लिखा है कि शुद्ध निश्चयनय से स्वभाव शुद्ध पर्यायात्मक परमाणु को ही 'पुद्गल द्रव्य' ऐसा नाम होता है; अन्य स्कन्ध पुद्गलों को व्यवहारनय से विभाव पर्यायात्मक पुद्गलपना उपचार द्वारा सिद्ध होता है। इस प्रकार परमाणु को निश्चयद्रव्य कहा है और स्कन्ध को व्यवहार से पुद्गल कहा है।

(4) श्री पञ्चास्तिकाय, गाथा 76 में 'बादर और सूक्ष्मरूप से परिणत स्कन्धों को 'पुद्गल' ऐसा व्यवहार है।' (5) गाथा 81 में लिखा है कि 'सर्वत्र परमाणु में रस-वर्ण-स्कन्ध-स्पर्श सहभावी गुण होते हैं और वे गुण, उसमें क्रमवती निज पर्यायोंसहित बर्तते हैं। ........और स्निग्ध-रुक्षत्व के कारण बन्ध होने से अनेक परमाणुओं की एकत्व परिणतिरूप, स्कन्ध के भीतर रहा हो, तथापि स्वभाव को न छोड़ता हुआ, संख्या को प्राप्त होने से (अर्थात्, परिपूर्ण एक की भाँति पृथक् गिनती में आने से) अकेला ही द्रव्य है।

इसमें बताया है कि स्कन्ध में भी प्रत्येक परमाणु स्वयं परिपूर्ण हैं, स्वतन्त्र हैं। पर की सहायता से रहित और अपने से ही अपने गुण-पर्यायों में स्थित है।

**प्रश्न 67 – स्कन्ध, स्वतन्त्र द्रव्य है। इसके लिए श्री समयसार में कहीं कुछ बताया है ?**

**उत्तर** – श्री समयसार, गाथा 27 में लिखा है कि 'जैसे इस लोक

(22)

# मानचित्र से वस्तु स्वरूप समझने-समझाने का सरल उपाय

**प्रश्न 1 - संयोग आदि पाँच बोल की पहिचान कैसे करनी चाहिए।**

**उत्तर** - (1) **संयोग** — अपनी आत्मा को छोड़कर विश्व के अनन्त जीव, अनन्तान्त पुद्गल, धर्म-अधर्म-आकाश एक-एक और लोकप्रमाण असंख्यात कालद्रव्य; (2) **संयोगीभाव** — शुभाशुभ विकारीभाव; (3) **स्वभाव त्रिकाली** — ज्ञान-दर्शनादि अनन्त गुणों का अभेद पिण्ड निज आत्मा; (4) **स्वभाव के साधन** — एकदेश प्रगट वीतरागदशा; (5) **सिद्धत्व** — परिपूर्ण प्रगट क्षायिकदशा।

**प्रश्न 2 - संयोगादिक पाँच बोल क्या बताते हैं ?**

**उत्तर** - अपने त्रिकाली ज्ञायकस्वभाव का आश्रय लेने से स्वभाव के साधन की प्राप्ति होती हैं और स्वभाव त्रिकाली का पूर्ण आश्रय लेने से सिद्धत्व की प्राप्ति होती है। ज्ञानी को अपनी-अपनी भूमिकानुसार जो वीतराग-सर्वज्ञ आदि के प्रति बहुमान का राग आता है, वह संयोगीभाव है। संयोगीभाव और संयोग का निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है, जो ज्ञानियों को व्यवहारनय से ज्ञान का ज्ञेय है। अज्ञानी को इस रहस्य का पता नहीं, वह संयोगों से सम्बन्ध मानकर

संयोगीभावों की पुष्टि करता हुआ, चारों गतियों में घूमता हुआ निगोद चला जाता है।

**प्रश्न 3 - नौ पदार्थों की पहिचान कैसे करनी चाहिए ?**

**उत्तर** - (1) जिसमें मेरा ज्ञान-दर्शन हो, वह जीवतत्त्व है। (2) जिसमें मेरा ज्ञान-दर्शन नहीं, वह अजीवतत्त्व है। (3) शुभाशुभ विकारीभावों का उत्पन्न होना, आस्रवतत्त्व है। (4) शुभाशुभ विकारीभावों में अटकना, बन्धतत्त्व है। (5) दया-दानादि का भाव, पुण्यतत्त्व है। (6) हिंसादि का भाव, पापतत्त्व है। (7) शुद्धि का प्रकट होना, संवरतत्त्व है। (8) शुद्धि की वृद्धि, निर्जरातत्त्व है। (9) परिपूर्ण शुद्धदशा का प्रगट होना, मोक्षतत्त्व है।

**प्रश्न 4 - नौ पदार्थों का संयोगादि पाँच बोलों में लगाओ ?**

**उत्तर** - (1) जीव, स्वभाव त्रिकाली; (2) अजीव, संयोग; (3) आस्रव-बन्ध, पुण्य-पाप, संयोगी भाव; (4) संवर-निर्जरा, स्वभाव के साधन; और (5) मोक्ष, सिद्धत्व।

**प्रश्न 5 - नौ पदार्थों क्या बताते हैं ?**

**उत्तर** - अपने जीवतत्त्व का आश्रय लेने से संवर-निर्जरातत्त्व की प्राप्ति होती है और अपने जीवतत्त्व का पूर्ण आश्रय लेने से मोक्षतत्त्व की प्राप्ति होती है। ज्ञानी को अपनी-अपनी भूमिकानुसार जो वीतराग-सर्वज्ञ आदि के प्रति बहुमान का राग आता है, वह आस्रव-बन्धतत्त्व और अजीवतत्त्व का निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है; जो ज्ञानियों को व्यवहारनय से ज्ञान का ज्ञेय है। अज्ञानी इस रहस्य को नहीं जानता है, वह अजीवतत्त्व से अपना सम्बन्ध मान कर आस्रव-बन्धतत्व की पुष्टि करता हुआ चारों गतियों में भ्रमण करता हुआ निगोद में चला जाता है; इसलिए पात्र जीवों को नौ पदार्थों का सच्चा स्वरूप जानकर, अपना कल्याण कर लेना चाहिए।

**प्रश्न 9 - पाँच भाव की पहिचान कैसे हो ?**

**उत्तर** - (1) औपशमिकभाव — धर्म की शुरुआतवाला भाव; (2) क्षायिकभाव — परिपूर्ण शुद्धता; (3) धर्म का क्षायोपशमिकभाव — साधकदशा (4) औदयिकभाव — संयोगी भाव (5) पारिणामिक-भाव — अनादि-अनन्त एकरूप रहनेवाला त्रिकाली स्वभाव।

**प्रश्न 10 - पाँच भावों को संयोगादि पाँच बोलों में लगाओ ?**

**उत्तर** - चार्ट में देखकर स्वयं लगायें।

**प्रश्न 11 - पाँच भाव क्या बताते हैं ?**

**उत्तर** - पारिणामिकभाव का आश्रय लेने से, प्रथम औपशमिक-भाव की प्राप्ति होकर, धर्म का क्षयोपशमभाव प्रगट होता है; और पारिणामिकभाव का पूर्ण आश्रय लेने से पूर्ण क्षायिकभाव प्रगट होता है। ज्ञानी को अपनी-अपनी भूमिका-अनुसार जो वीतराग-सर्वज्ञ आदि के प्रति बहुमान का राग आता है, वह औदायिकभाव है, जो ज्ञानियों का व्यवहारनय से ज्ञान का ज्ञेय है। अज्ञानी इन पाँच भावों का रहस्य नहीं जानता है। वह पाँच भावों के नाम, लक्षण आदि सीख लेता है; उनसे अपनी महिमा मान लेता है, इस कारण चारों गतियों में घूमकर निगोद में चला जाता है। इसलिए पात्र जीवों को, ज्ञानियों के समागम में रहकर पाँच भावों का रहस्य जानकर अपना कल्याण कर लेना चाहिए।

**प्रश्न 12 - सुखदायक-दुखदायक की पहिचान कैसे हो ?**

**उत्तर** - (1) अपनी आत्मा सदा परम सुखदायक; (2) एकदेश वीतरागता, एकदेश प्रगट करनेयोग्य सुखदायक; (3) परिपूर्ण क्षायिकदशा, पूर्ण प्रगट करनेयोग्य पूर्ण सुखदायक; (4) शुभाशुभ विकारीभाव, दु:खदायक; (5) संयोग, न सुखदायक और न दु:खदायक; मात्र ज्ञान का ज्ञेय है।

**प्रश्न 21 – उत्तमक्षमा की पहिचान क्या है ?**

**उत्तर** – (1) शक्तिरूप उत्तमक्षमा — त्रिकाली अपनी आत्मा; (2) एकदेश उत्तमक्षमा — एकदेश वीतरागदशा; (3) पूर्ण उत्तमक्षमा — परिपूर्ण क्षायिकदशा; (4) द्रव्य उत्तमक्षमा — ज्ञानियों की भूमिकानुसार क्षमासम्बन्धी राग; (5) जड़ उत्तमक्षमा — हाथ जोड़ने-बोलने आदि की क्रिया।

**प्रश्न 22 – उत्तमक्षमा को संयोगादि में लगाओ ?**

**उत्तर** – चार्ट में देखकर स्वयं लगायें।

**प्रश्न 23 – उत्तमक्षमा दशा क्या बताती है ?**

**उत्तर** – शक्तिरूप उत्तमक्षमा का आश्रय लेने से, एकदेश उत्तमक्षमा की प्राप्ति होती है और शक्तिरूप उत्तमक्षमा का परिपूर्ण आश्रय लेने से, पूर्ण क्षायिकरूप उत्तमक्षमा की प्राप्ति होती है। ज्ञानी को अपनी-अपनी भूमिका अनुसार जो क्षमा सम्बन्धी विकल्प आता है, वह द्रव्य उत्तमक्षमा है। क्षमा सम्बन्धी बोलने आदि की क्रिया होती है, वह जड़ उत्तमक्षमा है। द्रव्य उत्तमक्षमा और जड़ उत्तमक्षमा का निमित्त नैमित्तिक सम्बन्ध है; वह ज्ञानियों को व्यहारनय से ज्ञान का ज्ञेय है। अज्ञानी इस रहस्य को नहीं जानता, वह जड़ उत्तमक्षमा आदि को ही उत्तमक्षमा मानकर, चारों गतियों में भ्रमण करता है। इसलिए पात्र जीवों को उत्तमक्षमा का स्वरूप समझकर अपना कल्याण कर लेना चाहिए। इसी प्रकार अन्य धर्मों पर घटित करना चाहिए।

**प्रश्न 24 – ईर्यासमिति की पहिचान क्या है ?**

**उत्तर** – (1) शक्तिरूप ईर्यासमिति — त्रिकाली अपनी आत्मा; (2) एकदेश भाव ईर्यासमिति — एकदेश वीतरागता; (3) पूर्ण भाव ईर्यासमिति — परिपूर्ण शुद्धदशा; (4) द्रव्य ईर्यासमिति —

अपने गुरु के पास जाने का भाव या यात्रा का भाव; (5) जड़ ईर्यासमिति — चार हाथ जमीन देखकर चलने की शरीर की क्रिया।

**प्रश्न 25 - ईर्यासमिति को संयोगादि में लगाओ ?**

**उत्तर** - चार्ट में देखकर स्वयं लगायें।

**प्रश्न 26 - ईर्यासमिति क्या बताती है।**

**उत्तर** - शक्तिरूप ईर्यासमिति का आश्रय लेने से, एकदेश भाव ईर्यासमिति की प्राप्ति होती है और शक्तिरूप ईर्यासमिति का पूर्ण आश्रय लेने से, पूर्ण ईर्यासमिति की प्राप्ति होती है। ज्ञानी को अपनी-अपनी भूमिकानुसार यात्रादि का विकल्प, द्रव्य ईर्यासमिति है। चलने आदि की क्रिया, जड़ ईर्यासमिति है। द्रव्य ईर्यासमिति और जड़ ईर्यासमिति का निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है, जो ज्ञानियों को व्यवहारनय का ज्ञान का ज्ञेय है। अज्ञानी इस रहस्य को नहीं जानता; वह चार हाथ जमीन देखकर चलने की क्रिया ही ईर्यासमिति है - ऐसा मानकर उसी में पागल बना रहता है; उसके फल में मिथ्यात्वादि पाँच कारणों की पुष्टि करता है, जो अनन्त संसार का कारण है।

**प्रश्न 27 - वचनगुप्ति की पहिचान क्या है ?**

**उत्तर** - (1) शक्तिरूप वचनगुप्ति — त्रिकाली अपनी आत्मा; (2) एकदेश भाव वचनगुप्ति — एकदेश वीतरागता; (3) पूर्ण भाव वचनगुप्ति — परिपूर्ण क्षायिकदशा; (4) द्रव्य वचनगुप्ति — वचन न बोलने का विकल्प; (5) जड़ वचनगुप्ति — न बोलने की क्रिया।

**प्रश्न 28 - वचनगुप्ति को संयोगादि में लगाओ ?**

**उत्तर** - चार्ट में देखकर स्वयं लगायें।

**प्रश्न 29 - वचनगुप्ति क्या बताती है ?**

**उत्तर** - शक्तिरूप वचनगुप्ति का आश्रय लेने से, एकदेश भाव

वचनगुप्ति की प्राप्ति होती है और शक्तिरूप वचनगुप्ति का परिपूर्ण आश्रय लेने से, पूर्ण भाव वचनगुप्ति की प्राप्ति होती है। ज्ञानी को अपनी-अपनी भूमिकानुसार वचन न बोलने का विकल्प आता है, वह द्रव्य वचनगुप्ति है। वचन न बोलने की क्रिया, जड़ वचनगुप्ति है। द्रव्य वचनगुप्ति और जड़ वचनगुप्ति का निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है, जो ज्ञानियों को व्यवहारनय से ज्ञान का ज्ञेय है। अज्ञानी इस रहस्य को नहीं जानता है; इस कारण जड़ वचनगुप्ति को ही सत्यार्थ मानकर संसार बढ़ाता है।

**प्रश्न 30 - क्षुधापरिषहजय की पहिचान क्या है ?**

**उत्तर** - (1) शक्तिरूप क्षुधा परिषहजय — त्रिकाली आत्मा; (2) एकदेशभाव क्षुधापरिषहजय — एकदेश वीतरागता; (3) पूर्ण भाव क्षुधापरिषहजय — पूर्ण क्षायिकदशा; (4) द्रव्य क्षुधापरिषहजय — आहार न लेने का विकल्प; (5) जड़ क्षुधापरिषहजय — शरीर के साथ आहार का योग न होना।

**प्रश्न 31 - क्षुधापरिषहजय को संयोगादि में लगाओ ?**

**उत्तर** - चार्ट में देखकर स्वयं लगायें।

**प्रश्न 32 - क्षुधापरिषहजय क्या बताता है ?**

**उत्तर** - शक्तिरूप क्षुधापरिषहजय का आश्रय लेने से, एकदेश क्षुधापरिषहजय की प्राप्ति होती है और शक्तिरूप क्षुधापरिषहजय का पूर्ण आश्रय लेने से, पूर्ण क्षुधापरिषहजय की प्राप्ति होती है। ज्ञानी को अपनी-अपनी भूमिकानुसार क्षुधा सम्बन्धी विकल्प आता है, वह विकल्प द्रव्य क्षुधापरिषहजय है। आहार आदि का योग न होना, जड़ क्षुधापरिषहजय है। द्रव्य क्षुधापरिषहजय और जड़ क्षुधापरिषहजय का निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है, जो ज्ञानियों को व्यवाहारनय से ज्ञान का ज्ञेय है। अज्ञानी इस रहस्य को नहीं जानता है; वह आहार

न लेने को क्षुधापरिषहजय मान लेता है, उसी से धर्म मानता हैं, जो संसार का कारण है। इसलिए पात्र जीवों को क्षुधापरिषहजय का सही स्वरूप समझ लेना चाहिए।

**प्रश्न 33 – नमस्कार की पहिचान क्या है ?**

**उत्तर** – (1) शक्तिरूप नमस्कार — त्रिकाली स्वभाव; (2) एकदेश भावनमस्कार — एकदेश वीतरागता; (3) पूर्ण भावनमस्कार — पूर्ण क्षायिकदशा; (4) द्रव्यनमस्कार — वीतरागसर्वज्ञ के प्रति राग; (5) जड़ नमस्कार — शरीर की क्रिया।

**प्रश्न 34 – नमस्कार को संयोगादि में लगाओ ?**

**उत्तर** – चार्ट में देखकर स्वयं लगायें।

**प्रश्न 35 – नमस्कार क्या बताता है ?**

**उत्तर** – (1) शक्तिरूप नमस्कार का आश्रय लेने से, एक देश भाव नमस्कार की प्राप्ति होती है और शक्तिरूप नमस्कार का पूर्ण आश्रय लेने से, पूर्ण भाव नमस्कार की प्राप्ति होती है। ज्ञानी को अपनी-अपनी भूमिका अनुसार जो वीतराग-सर्वज्ञ आदि के प्रति बहुमान का राग आता है, वह द्रव्यनमस्कार है। शरीर आदि की क्रिया, जड़ नमस्कार है। द्रव्यनमस्कार का और जड़ नमस्कार का निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है, जो ज्ञानियों को व्यवहारनय से ज्ञान का ज्ञेय है। अज्ञानी इस रहस्य को नहीं जानता, वह बाहरी नमस्कारादि को ही सच्चा नमस्कार आदि मान लेता है; इस कारण चारों गतियों का पात्र होता है, पंचमगति प्राप्त का पात्र नहीं बनता है।

**प्रश्न 36 – संयोग की पृथकता आदि की पहिचान क्या है ?**

**उत्तर** – (1) परम स्वभाव की सामर्थ्यता; (2) एकदेश स्वभाव की सामर्थ्यता — एकदेश वीतरागता; (3) पूर्ण स्वभाव की सामर्थ्य

